भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1213

जिसका उत्तर 27.07.2022 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 37 का निर्माण कार्य

1213. श्री बीरेन्द्र प्रसाद बैश्य:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 37, जिसके अधिकांश भाग का निर्माण कार्य पूर्णत: ठप्प है, के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए कोई प्रगति की गई है;

(ख) क्या चार लेन के निर्माण कार्य की इतनी धीमी प्रगति का कोई विशेष कारण है; और

(ग) क्या सरकार ने इसका निर्माण कार्य पूरा करने के लिए कोई समयावधि निर्धारित की है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) असम राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 37 (पुराना) पंचरत्न से शुरू होकर सैखुआ घाट तक जाता है। एनएच-37 के गुवाहाटी से नौगांव और डिब्रूगढ़ बाईपास तक को 4-लेन का किया गया है। इसके अलावा, राष्ट्रीय राजमार्ग-37 को पंचरत्न से दुधनोई, नौगांव से कलियाबोर तिनाली और नुमालीगढ़ से बोगीबील तक चार लेन का बनाने का काम शुरू किया गया है और यह पूरा होने के विभिन्न चरणों में है। भूमि अधिग्रहण में देरी और कुछ ठेकेदारों के सामने वित्तीय संकट के कारण कुछ हिस्सों में चार लेन का काम धीमा है। गैर-निष्पादित ठेकेदारों के साथ अनुबंध समाप्त कर दिया गया है/समय से पूर्व बंद कर दिया गया है और कार्यों को पुन: सौंपा गया है/पुनःसौंपने की प्रक्रिया में है। निर्माण को दिसंबर, 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

*****